हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 28 जनवरी 2026

04 जिला स्तरीय कार्यक्रम में पुलिस परेड ग्राउंड पर...



07 केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने की जल सहेली के प्रयासों ...





नगर परिषद कार्यालय पर अध्यक्ष सोनी ने किया ध्वजारोहण सांस्कृतिक कार्यक्रमों के हुए आयोजन

### उत्साह व हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस, स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

## शहर में आन बान शान के साथ लहराया तिरंगा









हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

गणतंत्र दिवस नगर में उत्साह व हर्षोल्लास से मनाया गया। ध्वजारोहण का मुख्य समारोह नगर परिषद में आयोजित किया गया जहां पर अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी ली गई। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। चौक बाजार में झंडा वंदन कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। गणतंत्र दिवस दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर सभी शासकीय अर्द्ध शासकीय कार्यालय शैक्षणिक संस्थाओं में झंडावंदन कार्यक्रम आयोजित कर देश की आन-बान-शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। सोमवार को गणतंत्र दिवस पर नप अध्यक्ष श्रीमती अंतिम विजय सोनी द्वारा नगर परिषद कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया।

प्रातः 9 बजे शासकीय विद्यालय के छात्र छात्राओं की प्रभातफेरी नगर परिषद कार्यालय पहुंचने के बाद अध्यक्ष श्रीमती सोनी द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी ली गई। जिसके पश्च्यात मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज कुमार नामदेव सभी वार्ड पार्षद एवं उनके प्रतिनिधि के साथ बड़ी संख्या में नगरवासी, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार गण उपस्थित थे। ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद सांदीपनि विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसमे स्कूली छात्रों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर नगर की विभिन्न प्रतिभाओं जिनके द्वारा राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचकर नगर को गौरवांवित किया उनका सम्मान किया गया।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया चौक बाजार में ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर स्थानीय चौक बाजार में प्रातः 8.30 बजे परम्परानुसार सत्ताधारी दल के भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी ली गई। ध्वजारोहण के बाद प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। भाजपा मंडल द्वारा शिवाजी चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में प्रातः 8.45 बजे भाजपा के वरिष्ठ मदनलाल कप्तान द्वारा ध्वजारोहण किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा पीलवास चौराहे पर प्रातः 9:00 बजे आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रवेश गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गयात्र। समस्त ध्वजारोहण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के समस्त जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके साथ ही समस्त शासकीय, अशासकीय संस्थाओं पर संस्था प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया गया। स्थानीय सरदार पटेल चौराहे पर कांग्रेस द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

### अंचल में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

सोमवार को नगर सहित अंचल में भी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस परम्परानुसार हर्षोल्लास से मनाया गया। स्थान स्थान पर ध्वजारोहण हुआ। स्कूली छात्र छात्राओं की प्रभातफेरियां निकली। मिठाई का वितरण किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर में शासकीय स्कूलों के साथ ही कई अशासकीय स्कूलों के छात्र छात्राओं की अलग अलग प्रभातफेरियां निकली। इन प्रभातफेरियों में स्कूली बच्चे विभिन्न वेश धारण कर हाथों में तिरंगा लिए जोश के साथ राष्ट्रभक्ति के तराने गाते चल रहे थे। कई स्कूलों में इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। जिनमे छात्र छात्राओं द्वारा एक से बढकर एक प्रस्तुतियां दी गई। इसके साथ ही ग्रामीण अंचल में समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों ग्राम पंचायत कार्यालयों पर संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं स्कूली छात्र छात्राओं को मिठाई का वितरण किया गया। नगर में नगर परिषद द्वारा सभी स्कूली बच्चों को मिठाई का वितरण किया गया।

## 77वां गणतंत्र दिवस नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति







**कानड़।** 26 जनवरी सोमवार को 77वा गणतंत्र दिवस नगर एवं क्षेत्रों में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस पर सुबह 7:30 बजे नगर परिषद भवन पर सार्वजनिक ध्वजारोहण हुआ तथा 9:30 बजे नवीन बस स्टैंड पर नगर परिषद अध्यक्ष शिप्रा बाई बाबूलाल बिजापारी द्वारा किया गया एवं कार्यालय प्रांगण में उपाध्यक्ष राजेश डीलर द्वारा ध्वजारोहण किया गया।पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। नगर के शासकीय अशासकीय विद्यालय एवं प्रमुख सरकारी संस्था भवनों पर ध्वजारोहण किया गया।जिसके पश्चात समस्त विद्यालयों की प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नवीन बस स्टैंड पर पहुंची जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम कला उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें नगर के शासकीय अशासकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नाटक देशभक्ति गीतों पर एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान नगर के गणमान्य नागरिकों सहित नगरवासी उपस्थित थे।






## विद्युत लाइन के संपर्क में आने से डंपर में फैला करंट, दो की मौत, एक गंभीर

**नलखेड़ा।** नलखेड़ाझकानड़ मार्ग पर ग्राम कोहड़यिा के समीप सड़क किनारे खड़े एक डंपर के हाइड्रोलिक ऊंचा होने से विद्युत लाइन के संपर्क में आने से डंपर में करंट फैल गया। इस हादसे में डंपर चालक सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मंगलवार को नलखेड़ाझकानड़ मार्ग पर ग्राम कोहड़िया के समीप एक दर्दनाक हादसा घटित हुआ जिसमें सड़क किनारे खड़े डंपर के




हाइड्रोलिक में खराबी आने से ड्रायवर ने उसे अचानक अचानक ऊपर उठा दिया जिससे ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया। इसके चलते डंपर में करंट फैल गया और पास मौजूद लोग उसकी चपेट में आ गए। घटना में डंपर चालक दिनेश सिंह पिता बालूसिंह सोंधिया उम्र 42 वर्ष निवासी बड़का एवं भुरू पिता कन्हैयालाल सेन कोहड़यिा उम्र 40 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई एवं धिरपसिंह पिता नारायण सोंधिया उम्र 45 वर्ष निवासी अरनिया गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही नलखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा पहुंचे मां बगलामुखी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा गुप्त नवरात्रि की नवमी तिथि पर विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने माता रानी का दर्शन-पूजन किया और विशेष हवन अनुष्ठान में भाग लिया। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए सज्जन वर्मा ने यूजीसी बिल और प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर बयान दिया है। गुप्त नवरात्रि की नवमी तिथि पर विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा पहुंचे जहां उन्होंने माता रानी का दर्शन-पूजन किया और विशेष हवन अनुष्ठान में भाग यूजीसी बिल के विरोध को लेकर मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल पर सज्जन



सिंह वर्मा ने कहा कि यूजीसी का मामला बेहद पेचीदा है। इस पर बिना गहराई से अध्ययन किए बयान देना ठीक नहीं है। यह केंद्र सरकार का निर्णय है और जनता इसे कितना स्वीकार करती है, यह आने वाला समय बताएगा। वहीं मध्यप्रदेश की कानून व्यवस्था पर उन्होंने प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था के हालात बेहद खराब हैं। अपहरण, लूट और डकैती जैसी घटनाएं अब मामूली बात हो गई हैं, लेकिन मुख्यमंत्री का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। सज्जन वर्मा ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका पूरा ध्यान केंद्र सरकार से कर्ज मांगने में लगा रहता है। हर महीने पांच हजार करोड़ की जगह पंद्रह हजार करोड़ का कर्ज मिल जाए, इसी के लिए वे दो-चार दिन में दिल्ली के चक्कर लगाते रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मध्यप्रदेश आज बलात्कार के मामलों में देश में दूसरे नंबर पर है, जो प्रदेश सरकार की कार्यशैली और कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

## तेज हवा के साथ हुई ओलावृष्टि ने बढ़ाई किसानों की चिंता

### संतरा और गेहूं की फसल में नुकसान की संभावना



**कानड़।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बाद अचानक तेज हवा के साथ हुई ओलावृष्टि ने किसानों के चहरे पर चिंता की लकीरें लादी। मौसम में सुबह से आए बदलाव के बाद दोपहर 4 बजे बारिश का दौर शुरू हुआ देखते ही देखते बोर के आकार के ओले गिरने लगे। कानड क्षेत्र के गांव चान्दनगांव नापाखेड़ा सनावदा सनावदी बटावदा कलमोई चाचाखेड़ी खजुरी सहित करीब 1 दर्जन गांव में औलावृष्टी हुई है। इस औलादूटी के कारण ग्रामीणों कि गेहूं कि फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं खेतो में खड़े संतरों के पेड़ से भी संतरे टूट कर निचे मिर गए। किसानों ने बताया कि खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को बहुत नुकसान पहुंचा है वही संतरे के पौधों से संतरा फल भी गिर गया किसानों ने बताया कि ओले गिरने से लसन ओर प्याज की फसल को भी नुकसान पहुंचा है इन फसलों में फूल आने लग गए थे जो खत्म हो गए।

### आगर व शाजापुर जिले में कई स्थानों पर ओले के साथ हुई बारिश



**नलखेड़।** मंगलवार आगर जिले के कानड़ क्षेत्र सहित शाजापुर नगर व जिले के कई स्थानों पर मावठे की बारिश के साथ ओले की बारिश हुई इससे खेतों में खड़ी रबी फसलों के साथ संतरा के बगीचों में काफी नुकसान पहुंचा। शाजापुर नगर में तो सड़के ओले की बारिश के चलते पूरी तरह ओले से पट गई। इसके चलते कश्मीर तथा कुल्लू मनाली जैसा दृश्य दिखाई देने लगा। मंगलवार सुबह से ही आसमान मैं बादल छाए हुए थे इस दिन सूर्य नारायण के दर्शन नागरिकों को नहीं हुए। वहीं आगर जिले के कानड़ क्षेत्र के कई ग्रामों के साथ शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया, निपानिया करजू आदि ग्रामीण क्षेत्रों में मावठे की बारिश के साथ तेज ओलावृष्टि हुई। जिसके चलते सड़के व खेत ओलों से पट गई। भारी ओलावृष्टि से किसानों की खेतों में खड़ी रबी फसलों व संतरा के बगीचे को भी काफी नुकसान पहुंचा।

### मां बगलामुखी व श्रीनाथ जी का किया तिरंगे में मनमोहक श्रृंगार

## राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगे शहर के मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर एवं श्रीनाथ धाम मंदिर सहित अन्य मंदिर भी राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगे दिखाई दिए। जहाँ देवी-देवताओं का तिरंगे में आकर्षक श्रृंगार किया गया था। भक्तों ने दर्शन कर सुख शांति की कामना की।





### बगलामुखी मंदिर पर भक्तों का उमड़ा सैलाब

माघ मास की गुप्त नवरात्रि एवं गणतंत्र दिवस पर सार्वजनिक अवकाश के चलते नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्धपीठ में बगलामुखी मंदिर पर भक्तों का सैलाब उमड़ा। जिनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में हवन- अनुष्ठान भी करवाए गए। सोमवार को मां बगलामुखी मंदिर पर पहुंचे दर्शनार्थियों की संख्या ने अभी तक के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। इस दिन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। मंदिर प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था इनके सामने बोनी साबित हुई। दर्शनार्थियों को दर्शन लाभ प्राप्त करने के लिए एक से ढाई घंटे का समय लग रहा था।

**लगा रहा दिनभर जाम** मां बगलामुखी मंदिर पर पहुंचे रिकार्ड दर्शनार्थियों के वाहनों के चलते नगर में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। दोपहर 12 बजे बाद से सायं लगभग 5 बजे तक तो मां बगलामुखी मंदिर से आमला रोड़ पर स्थित शिशु मंदिर तक की लगभग डेढ़ किमी की दूरी तय करने में वाहन चालकों को डेढ़ से दो घण्टे का समय लगा। इस जाम में आगर जिले के प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान का वाहन भी फंसा रहा।

## खबर संक्षेप

### नर्मदा जयंती पर हुआ हलवा वितरण



**चापडा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रविवार को माँ नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर ओम महाशक्ति ग्रुप व विपिन शिवहरे मित्र मंडल द्वारा धाराजी घाट पर हलवा प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। रात्रि 12 बजे भव्य आतिशबाज़ी ओर भजनो के साथ मैय्या का प्रकट उत्सव मनाया गया एवं सुबह से हलवा प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया। इस आयोजन में ग्रुप संचालक विपिन शिवहरे के साथ सतीश गेहलोत, जगदीश राठौर, हिमांशु शिवहरे, मुकेश शिवहरे, नरेश उपाध्याय,मोहित व्यास, यशराज भाटी, सोनू यादव, पप्पू, मुरली महाराज, विजय सोलंकी, गणेश पचोरिया, लखन बागवान, अतुल भारती, अभिषेक कहार, पवन भाटी इत्यादि मौजूद थे।

### मां नर्मदा जन्म उत्सव पर हुआ भंडारा

**देवास।** जिला रेत व्यापारी एसोसिएशन द्वारा मां नर्मदा जन्म उत्सव के पावन अवसर पर विशाल महाआरती एवं महाप्रसादी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेत व्यापारी संघ के वरिष्ठजन, विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी तथा व्यापारी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विजय गेहलोत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वरिष्ठ सदस्य नितेश मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाआरती से मुख्य अतिथि महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विनय सांगते, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय दायमा ने किया। श्रद्धा और भक्ति से सराबोर वातावरण में हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा की आराधना की तथा महाप्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष विजय गेहलोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां नर्मदा हमारे जीवन, आजीविका और संस्कृति का आधार हैं। उन्होंने कहा कि नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी आस्था और अस्तित्व का प्रतीक हैं।

### टीएसीसी लिमिटेड का किया सम्मान

**देवास।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर देवास ऋतुराज सिंह द्वारा टीएसीसी लिमिटेड को निरंतर सामाजिक सहयोग एवं सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान समाजिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में टीएसीसी लिमिटेड के उल्लेखनीय योगदान की सराहना के रूप में प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान टीएसीसी लिमिटेड की ओर से वरिष्ठ पदाधिकारी रमेश खेतान, विकास शर्मा एवं डॉ. सतीश सैनी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर रमेश खेतान ने कंपनी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि टीएसीसी लिमिटेड सदैव समाज कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है। अतिथियों ने कंपनी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

### जिले में उल्लास व गरिमा के साथ मना गणतंत्र दिवस, स्कूली बच्चों के साथ कलेक्टर-जनप्रतिधियों ने किया भोजन

# जिला स्तरीय कार्यक्रम में पुलिस परेड ग्राउंड पर कलेक्टर ने झंडा वंदन कर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ली सलामी








## मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में 77वें गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने झण्डावंदन कर सलामी ली। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सुसज्जित वाहन पर सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण वाहन में पुलिस अधीक्षक पुनित गेहलोद भी उपस्थित थे। परेड निरीक्षण उपरांत कलेक्टर सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। इसके बाद सशस्त्र बलों द्वारा तीन बार हर्ष फायर किए गए। हर्ष फायर उपरांत परेड कमांडर रणजीत ठाकुर के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। उन्होंने परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। मार्च पास्ट के उपरांत रंग-बिरंगे गुब्बारे को खुले आसमान में छोड़े। कलेक्टर ऋतुराज सिंह स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र के प्रहरी एवं शहीदों के परिवारजनों का सम्मान किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, झांकियों का प्रदर्शन एवं पुरस्कार वितरण किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में राधाबाई स्कूल प्रथम

सांस्कृतिक कार्यक्रम में महारानी राधाबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को प्रथम, बीसीएम देवास को द्वितीय तथा होली ट्रिनिटी स्कूल देवास को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्षिप्रा को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला।

### परेड शस्त्र सहित में सीआईएसएफ प्रथम

शस्त्र सहित परेड में सीआईएसएफ बीएनपी देवास को प्रथम, जिला पुलिस बल पुरूष देवास को द्वितीय, जिला होमगार्ड को तृतीय पुरस्कार मिला।

### शस्त्र रहित में एनसीसी सिनियर प्रथम

शस्त्र रहित परेड में एनसीसी सिनियर केपी कॉलेज को प्रथम, एनसीसी जूनियर उत्कृष्ट विद्यालय देवास को दूसरा स्थान, एनसीसी जूनियर शासकीय महारानी चिमनाबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को तृतीय स्थान मिला। नगर सेना बैंड को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला।

### झांकियों में शिक्षा केंद्र को मिला प्रथम स्थान

मुख्य समारोह में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा झांकियां बनाई गई। झांकियों में जिला शिक्षा केन्द्र देवास की झांकी को प्रथम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की झांकी को द्वितीय, महिला एवं बाल विकास विभाग की झांकी को तृतीय पुरस्कार मिला।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियोंको सम्मानित किया गया। मुख्य समारोह में समाजिक संस्थाओं एवं जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें टीएसीसी द्वारा सीएसआर मद से 43 लाख रूपये के फुड बास्केट वितरित करने पर सम्मानित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ केके धुत विभिन्न सामाजिक कार्यो में सहभागीता पर सम्मानित किया गया। अमलतास अस्पताल को आयुष्मान कार्ड, नशा मुक्ति एवं विशेष बच्चों में उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। रेलिग्रेस पेरेन्टल प्राईवेट लिमिटेड को फार्माटिकल सेक्टर एवं नमो कर्पोरेशन मक्सी रोड द्वार 24-24 करोड़ का निवेश कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर सम्मानित किया गया। बेडमिंटन खिलाड़ी सुश्री भूमिका वर्मा को राज्य स्तरीय सिनियर बेडमिंटन प्रतियोगिता में विजय होने एवं पेचक सिलाट खिलाड़ी भूमिका जैन को प्रथम खेलों इण्डिया बीज गैम्स में पदक जीतने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय महाकाल कालोनी देवास को आईएसओ प्रमाण-पत्र मिलने पर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस पर जिले में विकासखण्ड, तहसील, नगर परिषद तथा ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, डीएफओ अमित सिंह, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी ट्राफिक एच एन बॉथम, कलेक्टर अंशु जावला, एसडीएम अभिषेक सिंह, डिप्टी कलेक्टर ऋतु चौरसिया, नगर निगम सभापति रवि जैन, भेरूलाल अटारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण। जिला अधिकारीगण, कर्मचारीगण, पत्रकारगणों के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद त्रिवेदी एवं श्वेता विवेक काकड़े ने किया।

### 77वें गणतंत्र दिवस पर भौंरासा नगर परिषद अध्यक्ष जोशी ने फहराया तिरंगा

**भौरासा।** 77 वें गणतंत्र दिवस की सुबह स्कूल ग्राउंड में नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

नगर के निजी और शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट कर ध्वज को सलामी दी। स्कूल ग्राउंड में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। वही नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त बच्चों को नगद पुरस्कार दिया। परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा द्वारा भी बच्चों को नगद राशि दी गई। इसी तरह पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव व पार्षद अबरार गांधी, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र ठाकुर ने भी बच्चों को नगद राशि से पुरस्कृत किया। इसी तरह नगर कांग्रेस कार्यालय पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र इनानी व ब्लाक कांग्रेस कार्यालय पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव के द्वारा झंडा वंदन किया गया।

इस अवसर पर समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता गण मौजूद रहे। तहसील टप्पा पर नायब तहसीलदार नेहा शाह व भौरासा थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रीति कटारे व नगर की सेवा सहकारी संस्था में आदिति गोयल, आरो प्लांट पर जितेंद्र पुरोहित ,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित देवास शाखा भौरासा मे शाखा प्रबंधक नेपाल सिंह चावड़ा, पोलाय जागीर में जितेंद्र सिंह चांदना, ग्राम बोलासा में राकेश सिंह बैंस ,सवरर्सी में विक्रम सिंह चौधरी, ग्राम कुलाला में आनंद सिंह, भारतीय स्टेट बैंक में रवि कुमार विमल, नर्मदा झाबुआ बैंक में अभिषेक श्रीवास्तव ,छोटा हनुमान चौक पर भगवान सिंह कामदार, अशोक राठौड, विद्युत मंडल में मंसूर अली, पशु चिकित्सालय में डॉ. अभय मोहिते, बालक हाई सेकेंडरी स्कूल मे डॉ. राजेंद्र चौधरी,कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य नीता शर्मा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. गुरमीत कौर, भंवरनाथ गुरुकुल स्कूल में मनीष कुमावत, ब्राइट फ्यूचर एकेडमी में कन्हैया लाल माली, जीनियस पब्लिक कान्वेंट प्रवीण ठाकुर ,एमसी एस स्कूल अर्जुन गुर्जर, चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल संजय नगर में एलएस बघेल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अनंत निगम, श्रीजी पब्लिक स्कूल में सारिका मुंदड़ा ने ध्वजारोहण किया।






### मातमौर जैन तीर्थ में बसाहट और मांस-मदिरा के विरोध में जैन समाज ने दिया ज्ञापन

**देवास।** जिले के चापड़ा स्थित मातमौर जैन तीर्थ में बसाहट के लिए प्रस्तावित पट्टे वितरण ओर तीर्थ क्षेत्र के आस पास मांस-मदिरा की बिक्री के विरोध में सकल जैन समाज ने जैन समाज सामाजिक के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में बताया गया कि मातमौर स्थित प्रसिद्ध श्री त्रिभुवनभानु पार्श्वनाथ - श्री मणि भद्रवीर जैन तीर्थ, मातमौर तहसील बागली एक अति प्राचीन तीर्थ और श्रद्धा का केंद्र है, जहाँ की पवित्रता को लेकर वर्तमान में समाज में भारी चिंता व्याप्त है। मातमौर जैन तीर्थ के समीप की भूमि पर पट्टा वितरण प्रस्तावित है। इन क्षेत्रों में मुर्गी पालन एवं बकरी पालन जैसी गतिविधियों की योजना है, जो कि एक अहिंसक जैन तीर्थ की मर्यादा के पूर्णतः विरुद्ध है। तीर्थ के समीप वर्तमान में भी मांस एवं मदिरा की दुकानें संचालित हो रही हैं। यदि यहाँ मांसाहारी एवं व्यसन प्रधान आबादी को बसाया जाता है, तो इससे क्षेत्र का सात्विक वातावरण दूषित होगा। तीर्थ क्षेत्र में निरंतर जैन साधु-संतों का प्रवास रहता है और हज़ारों दर्शनार्थी यहाँ दर्शन हेतु आते हैं। प्रस्तावित पट्टा वितरण से यहाँ भय, अशांति और असुरक्षा का माहौल निर्मित होगा, जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचेगी। ज्ञापन में मांग की गई कि मातमौर तीर्थ क्षेत्र के आसपास प्रस्तावित पट्टा वितरण प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। तीर्थ क्षेत्र की सीमा के भीतर मांस-मदिरा की दुकानों एवं पशुवध केंद्रों को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। क्षेत्र को 'पवित्र क्षेत्र' घोषित कर इसकी प्राचीनता और सात्विकता को संरक्षित किया जाए। तीर्थ क्षेत्र के 500 मीटर के दायरे को पूर्णतः शाकाहारी और व्यसन मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाए। ज्ञापन का वाचन संगठन सचिव दिलीप चौधरी ने किया। ज्ञापन देने पधारे सभी ट्रस्ट मंडल और समाजजनों का संगठन उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने आभार माना। उक्त जानकारी संगठन अध्यक्ष महावीर जैन ने दी।



### यूजीसी के नए 'इक्वलिटी रेगुलेशन 2026' पर कलेक्टर कार्यालय में किया विरोध

# सर्व समाज ने नारेबाजी कर राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता और गरिमा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाए गए यूजीसी के कथित प्रमोशन ऑफ इक्वलिटी इन हायर एजुकेशन रेगुलेशन -2026 को लेकर विवाद गर्माता जा रहा है। इस कानून के विरोध में सर्वसमाज विकास मंच ने सर्व समाज जनों को साथ लेकर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में जमकर नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। मंच संयोजक ईश्वर सिंह राजपूत एवं अध्यक्ष रामलखन शर्मा ने बताया कि सर्वसमाजजन भोपाल चौराहा पर एकत्रित हुए। वहां से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और इस कानून के विरोध में आपत्ति दर्ज कराई।

ज्ञापन का वाचन करते हुए राजपूत ने कहा कि प्रस्तावित प्रावधानों के तहत विश्वविद्यालय परिसरों में शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया पहचान आधारित हो सकती है, जिससे कुछ वर्गों के छात्रों और शिक्षकों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है। यदि किसी छात्र को जातिगत टिप्पणी, प्रतिकूल व्यवहार या गरिमा के उल्लंघन का अनुभव होता है, तो आरोपी के लिए प्रारंभिक स्तर पर अपनी स्थिति स्पष्ट करना कठिन हो सकता है। नए प्रावधानों के दायरे में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ-साथ कुछ अन्य सामाजिक समूहों को भी शामिल किया गया है, जिससे दायरा पहले की तुलना में व्यापक हो गया है। विश्वविद्यालयों में इक्विटी स्क्वाड या विशेष निगरानी तंत्र के गठन की बात कही जा रही है, जिसे लेकर कुछ लोग इसे अत्यधिक हस्तक्षेपकारी मान रहे हैं। प्रतिकूल व्यवहार और मानवीय गरिमा जैसे शब्दों की व्याख्या को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश न होने की आशंका भी जताई गई है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यदि नियमों की भाषा और प्रक्रिया स्पष्ट न हो, तो इससे छात्रों के बीच जातिगत आधार पर समूहबंदी बढ़ सकती है और पारंपरिक सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है। यदि उद्देश्य समानता स्थापित करना है, तो सभी वर्गों के लिए समान सुरक्षा और प्रक्रिया सुनिश्चित होनी चाहिए। उनका कहना है कि किसी भी नीति से यह संदेश नहीं जाना चाहिए कि कोई वर्ग स्वतः दोषी या स्वतः पीड़ित मान लिया गया है।




ज्ञापन में मांग की गई कि इस नियमावली की समीक्षा सुनिश्चित करें, ताकि सामाजिक एकता, भाईचारा और राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखते हुए शिक्षा संस्थानों में न्यायपूर्ण वातावरण कायम रखा जा सके। इस दौरान हटेसिंह बैस, माखनसिंह राजपूत, जैनेन्द्र सिंह पंवार, ज्ञानसिंह दरबार, सुभाष शिंदे, राजेन्द्र मुंदडा, श्रीराम कुमावत, दिनेश जैन, बीएन सिंह, प्रेमसिंह परदेशी, रमेश सिंह सेंगर, गंगासिंह सोलंकी, एड. चंद्रपाल सिंह सोलंकी, हेमेन्द्र सिंह जादौन, सौदानसिंह परिहार, कल्याण सिंह दरबार, राजेन्द्र तापकीर संजय मालुसरे, राजेन्द्र लाड़, मामा ठाकुर, गुलाबसिंह ठाकुर, शशिकांत मिश्रा, मंगलेश पंड्या, त्रिभुवनसिंह, दीपेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह बैस, राजेन्द सिंह राजपूत सहित बडी संख्या में सर्वसमाजजन उपस्थित थे। अंत में आभार गंगासिंह सोलंकी ने माना।

### मंडूक पुष्कार पर शंकराचार्य के अपमान के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया सद्बुद्धि यज्ञ




**देवास।** उत्तर प्रदेश सरकार और पुलिस द्वारा शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान के विरोध स्वरूप जिला शहर कांग्रेस कमेटी देवास द्वारा मंडूक पुष्कर पर सद्बुद्धि यज्ञ किया गया। कार्यक्रम के आयोजक कांग्रेस नेता राजा पडियार ने बताया कि शंकराचार्य जी, सनातन धर्म के पूज्यनीय है और ऐसे व्यक्तित्व का अपमान घोर निंदनीय है। इस अवसर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने हवन में आहूतियां दी। वरिष्ठ नेता भगवानसिंह चावड़ा, पूर्व महापौर रेखा वर्मा, रितेश त्रिपाठी, चंद्रपालसिंह सौलंकी आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर गुरूचरणसिंह सलूजा, जितेन्द्र सिंह गौड़, उमेश झंवर, दिलीप सिंह बजेपुर, सिद्धार्थ माहूरकर, हारिस गजधर, रूपेश कल्याणे,जाहिद पठान, रोशन रायकवार,नरेंद्र यादव लल्ला, सुजीत सांगते, जितेन्द्र सिंह मोंटू दरबार, ईशान राणा,सुधीर शर्मा, विक्रम मुकाती, हिम्मत सिंह चावड़ा, राजेंद्र बेदी, राहुल गार्गव, नीलेश वर्मा, शाहिद मोदी, दीपेश हरोडे, रहीस कामदार, आरिफ मेव, कल्लू भाई राष्ट्रीय, रितेश सिहोते, प्रतिक शर्मा,शाहजी हाशमी,धीरज कल्याणे, अजय सिंह रघुवंशी, प्रतीक शास्त्री, अविनाश जेठवा सुभाष वर्मा, कमलेश गुप्ता, नरेश बैरागी आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आश्रम के पास से मोपेट चोरी

**ललितपुर**। थाना जाखलौन के धौर्रा क्षेत्र स्थित लक्कड़दास जी हनुमान मंदिर में रहने वाले मधुसूदनदास पुत्र रामसेवक ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 15-16 जनवरी की रात आश्रम के पास बने टपरे में उनकी मोपेट टू-व्हीलर टीवीएस एक्सल हन्ड्रैड खड़ी थी, जो कि कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। उन्होंने मोपेट का नम्बर यू.पी.94 ए.बी. 7678 बताया। पुलिस ने मधुसूदनदास की तहरीर पर चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुत्री को जबरन भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री बीती 24 जनवरी को अपराह्न 3 बजे मुख्यालय पर काम होने की कहते हुए घर से निकली थी, देर रात तक वह वापस नहीं लौटी तो उसने खोजबीन की। जानकारी करने पर पता चला कि ग्राम मड़वारी निवासी छोटेलाल अहिरवार पुत्र गंगाराम उसकी पुत्री को जबरन अपने साथ ले गया है। जब उसने फोन के जरिए सम्पर्क करने का प्रयास किया तो उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर**। निकटवर्ती ग्राम पटौराकलां निवासी राहुल पुत्र खेमचंद्र ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 26 जनवरी की रात करीब 12.30 बजे उसके घर में कार्यक्रम चल रहा था। तभी नेहरू नगर निवासी रोशन पुत्र मदन, अमरेन्द्र अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ आए और बिना कारण विवाद करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने एकराय होकर गालियां दीं और लात-घूसों से मारपीट कर दी। जब पिता ने बीच-बचाव किया तो उक्त लोगों ने उसके पिता से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सुरक्षा गार्ड का लाइसेंसी शस्त्र चोरी कर ले गया बदमाश

**ललितपुर**। विद्युत भंडार केन्द्र पर सुरक्षा गार्ड पद पर तैनात व्यक्ति का शस्त्र होने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में गनमैन उन्नाव जिले के थाना बारा सगवर के ग्राम रसूलपुर निवासी अवधेश बहादुर सिंह पुत्र अमरनाथ ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका शस्त्र लाइसेंस नं. 7707 एचपीएमएसबीबीएल 12 बोर/21706 है, जो भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम झांसी द्वारा वर्तमान में विद्युत भण्डार केन्द्र गल्ला मण्डी के पास में गनमैन के पद पर कार्यरत है। बताया कि 25-26 जनवरी 2026 की रात जब वह विद्युत भण्डार केन्द्र पर शस्त्र सहित ड्यूटी कर रहा था, तब उसने अपने शस्त्र पासल में रखकर घड़े के पास रख दी। कुछ देर बाद जब उसे छपकी लग गयी। रात करीब 12 से 12.30 बजे के मध्य जब वह जागे तो देखा कि एक नकाब पोश अज्ञात व्यक्ति उसकी लाइसेंसी शस्त्र मुख्य गेट के नीचे से लेकर भाग रहा था, तभी उसका पीछा किया, लेकिन चोर रात के अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने गनमैन की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### गुटखा-सिगरेट देने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर**। मोहल्ला चौकाबाग में रहने वाले बसन्त रैकवार पुत्र संतोष ने पुलिस को अवगत कराया कि 26 जनवरी की शाम करीब 5.45 बजे वह बड़ी नहर के पास अपनी किराने की दुकान पर बैठा था, तभी पड़ोस में रहने वाला शक्ति राजा पुत्र भरत सिंह राजा अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आया और गुटखा-सिगरेट मांगने लगा। जब उसने देने से इंकार किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में तिरंगा फहराकर संविधान के संकल्प का कराया स्मरण

# 77वें गणतंत्र दिवस पर राज्यमंत्री ने पुलिस लाइन में फहराया तिरंगा

*महापुरुषों व वीर सपूतों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण, रोशनी से जगमग हुए सरकारी भवन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शासन के निर्देशानुसार जनपद में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। तत्पश्चात ध्वजारोहण कर संविधान के संकल्प का स्मरण किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सुबह घण्टाघर स्थित महात्मा गांधी एवं चन्द्रशेखर आजाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसके उपरान्त उन्होंने कैम्प कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान एवं उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को संविधान में उल्लखित संकल्प का स्मरण कराया तथा भारत की एकता, अखण्डता, समरसता व विकास पर न्यौछावर रहने की शपथ दिलायी।

तदोपरान्त कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया, साथ ही संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण किया। कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं के द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत भारत की धरती के वीर दो जवान, एक है जवान एक है किसान एवं भारत महान है गीत प्रस्तुत किया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा छात्राओं को पुरस्कार व मिष्ठान भेंट किया। डीएम ने कहा कि आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को हमारे संविधान को आत्मसात किया गया, जिसके तहत भारत देश को एक लोकतांत्रिक, संप्रभु और गणतंत्र देश घोषित किया गया। देश को आजादी दिलाने वालों और संविधान निर्माताओं को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम अपने पद पर रहते हुए समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाये। उन्होंने कहा कि 80 से 90 के दशक तक कई पश्चिमी विकसित देश ऐसे थे, जिनमें हर व्यक्ति को सभी अधिकार प्राप्त नहीं थे, यहां तक की महिलाओं और इनकम टैक्स न देने वालों को



मतदान का अधिकार नहीं था, उन्हें अपने ही देश में सिविल वॉर लडन्ना पड़ा, तब जाकर उन्हें बराबर का अधिकार मिला। वहीं हमारे संविधान ने सभी को, चाहे वो किसी भी वर्ग, जाति, पुरुष अथवा महिला सभी को बराबर का अधिकार मिला है।

एडीएम वित्त/राजस्व अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि आज के दिन हमें प्रण लेना चाहिए कि हमारे संविधान निर्माताओं ने जो अपना हमारे लिए देखा था, उसको हम उस दिशा में लेकर जाएं। अमय के साथ चले और तकनीक को सीखते रहें। एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। एडीएम न्यायिक अधिक कुमार यादव ने कहा कि आज के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था, आज संविधान बनाने वाले उन सभी महापुरुषों को नमन करने का दिन है। आज संकल्प लें कि हम ऐसा कोई काम न करें जो संविधान के विरुद्ध हो। प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार दीक्षित ने कहा कि जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में आगामी वर्षों में जनपद के विकास को पंख लगने वाले हैं, एयरपोर्ट, बल्क ड्रग फार्मा पार्क, सड़कों का चौड़ीकरण और पुलों का निर्माण आदि पर अपने विचार रखे। वीरेंद्र जैन ने संविधान के दिशा निर्देश और जिलाधिकारी द्वारा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए तत्परता के बारे में बताया। कवि रमेश पाठक ने मनाओ आज सभी गणतंत्र, रहे न कोई यहां परतंत्र एवं ललितपुर दर्शन- धन्य ललितपुर पावन भूमि इसको सौ सौ बार नमन गीत की प्रस्तुतियां दी। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के कमचारियों एवं आपदा मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इसके उपरांत पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस पर पुलिस परेड, पुलिस बैंड/वाहन रैली व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री मनोहर लाल ने मुख्य अतिथि के रुप में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और संविधान की शपथ दिलायी। उन्होंने शान्ति, सौहार्द एवं समृद्धि के प्रतीक रगंबिरंगे गुब्बारों को आकाश की ओर छोड़ते हुए पुलिस वाहन में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस जवानों ने पैदल व मोटरसाईकिल दस्ता, अग्निशमन दस्ता, शक्ति मोबाइल टीम, वज्र वाहन, एसओजी, यूपी 112, रेडिया वाहन के साथ होमगार्ड व एनसीसी कैडिड्स ने शानदान परेड की, जिस पर पुलिस लाइन्स तालियों की गड़-गड़ाहट से गूंज उठी। राज्यमंत्री ने कहा कि आज का यह दिन केवल राष्ट्रीय ध्वज फहराने का ही नहीं, बल्कि संविधान के प्रति अपनी आस्था का लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता का और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को दोहराने का दिन है।

---

### तालबेहट की शारदा ने बढ़ाई जिले की शान

## केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने की जल सहेली के प्रयासों की सराहना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल ने देश के विभिन्न कोनों से आए जल योद्धाओं के साथ सीधा संवाद किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण को एक जन-आंदोलन बनाना और उन जमीनी नायकों को सम्मानित करना था, जिन्होंने पानी बचाने को अपने जीवन का संकल्प बना लिया है। संवाद के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि तालबेहट की शारदा बंशकार जैसी समर्पित महिलाएं यह सिद्ध कर रही हैं कि यदि संकल्प शक्ति मजबूत हो, तो जल संकट जैसी बड़ी चुनौती को भी मात दी जा सकती है। उनके द्वारा जल प्रबंधन और सूखे प्रभावित क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किए गए साहसी कार्यों की जमकर सराहना की।

#### शारदा बंशकार का संघर्ष और सफलता

शारदा ने बताया कि जब मैंने पानी बचाने के लिए बाहर जाकर काम करने की कोशिश की तो मुझे बहुत विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और महिलाओं को एकजुट कर परमार्थ संस्थान के सहयोग से ग्राम पंचायत और ब्लॉक लेवल के अफसरों के साथ मिलकर 2021 में बरुआ नदी पर 5000 बोरियों का मिट्टी का डैम बनाया, जिससे मानसून के दौरान खेती और दूसरे कामों के लिए काफी पानी जमा हो जाता है और अब बरुआ नदी में लोगों, जानवरों के लिए पर्याप्त पानी रहता है। उक्त कार्यक्रम के लिए जिला गंगा समिति द्वारा शारदा बंसकार को नामित किया गया था। उनको मिले इस राष्ट्रीय सम्मान और केन्द्रीय मंत्री की शुभकामनाओं से ललितपुर जिले में उत्साह का माहौल है। स्थानीय प्रशासन और सामाजिक संगठनों ने भी शारदा को बधाई दी। परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति केतन दुबे ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि जिले की अन्य महिलाओं को भी सामाजिक कार्यों और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे आने के लिए प्रेरित करेगी।

**इनका कहना है...**

शारदा के सम्मान ने ललितपुर ही नहीं, बल्कि पूरे बुंदेलखंड के जल संरक्षण प्रयासों को एक नई ऊर्जा दी है।

सत्य प्रकाश, जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला गंगा समिति

---

# विहान बालिका आवासीय विद्यालय में हर्षोल्लास मनाया गणतंत्र दिवस



**ललितपुर**। समाज शास्त्र विभाग विश्वविद्यालय लखनऊ से संचालित विहान बालिका आवासीय विद्यालय (निर्माण श्रमिक) में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया गया। सर्वप्रथम वार्डेन सावित्री की अध्यक्षता में समस्त स्टाफ आकांक्षा पाण्डेय गणित शिक्षिका, अंकिता सिंह, हिंदी शिक्षिका, प्रियंका नामदेव शारीरिक शिक्षिका, अभिलाषा यादव कम्प्यूटर शिक्षिका एवं नेहा कुशवाहा लेखाकार तथा छात्राओं के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम के उदघोष के साथ बड़े ही जोश के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। तत्पश्चात अतिथि समाजसेवी मनमोहन जडिया ने ध्वजारोहण किया। अतिथि मनमोहन जड़िया, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया गया।

परम्परागत छात्राओं द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती की वंदना कर कार्यक्रम को गति दी गई। इसके बाद विद्यालय अधीक्षिका द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत बैच लगाकर एवं बुके देकर किया। फिर पुलवामा अटैक, योगा सॉन्ग, चार युग गीत, हिमालय ताज, बड़ा नीक लागे, नशा मुक्ति, मोबाइल बुरी बला, हरियाणवी सॉन्ग (बेटी पढ़ाओ) इत्यादि कार्यक्रमों की श्रृंखला ने सभी का मन मोह लिया। छात्राओं द्वारा पुलवामा अटैक की भावभीनी श्रद्धांजलि की प्रस्तुति ने सभी की आंखे नम कर दी। आए हुए अतिथियों द्वारा योगा गीत परफॉर्मेंस, चार युग अभिनय तथा अन्य शानदार कार्यक्रमों की प्रशंसा कर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया।

---

### निशुल्क त्रिदिवसीय गठियावात शिविर शुरू, डेढ़ दर्जन मरीज हुए

# गठियावात के दर्द को सहन न करें, इलाज है : डा.आकाश खैरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




सिविल लाइन में नवजीवन क्लीनिक पर मंगलवार को त्रिदिवसीय निशुल्क गठियावात शिविर का आयोयन किया गया जिसमें डेढ़ दर्जन मरीजों ने जांच और परामर्श मुफ्त में प्राप्त किया।

शिविर के आयोजन में आर्थो सर्जन डा.आकाश खैरा ने बताया कि गठियावात का दर्द बढ़ती उम्र के साथ लोगों को कष्ट देता है। यह बीमारी महिला और पुरुष में समान रूप से पायी जाती है। इसमें बिना किसी कारण के शरीर के विभिन्न जोड़ों में दर्द और सूजन की शिकायत होती है। कई मरीजों में यह इतनी कष्टकारी हो जाती है कि उनका चलना फिरना या काम करना दूभर हो जाता है। बीमारी ज्यादा फैलने पर जोड़ों की संरचना बिगडने लगती है और मरीज टेड़ामेड़ा सा हो जाता है। इस बीमारी के बढने से पहले ही इसका इलाज लेना चाहिये। नियमित इलाज से यह बीमारी काफी हद तक रूक जाती है। और मरीज सामान्य जीवन जी सकता है। शिविर में मरीजों की बीएमडी जाँच और ब्लडप्रेशर व ऑक्सीजन आदि की जांचें भी मुफ्त में की गयीं। मरीजों को परामर्श में उचित दवाओं के सेवन की सलाह दी गयी उन्हें अम्लीय खाने से परहेज करने को कहा गया। शिविर में डा.पंकज जैन, हॉस्पिटल जनरल मैनेजर ओमकरन सिंह गौर, अमित नामदेव, रोहित राजपूत, आशीष तिवारी, आलिया, नेहा आदि ने सहयोग किया।

#### दो दिन और चलेगा निशुल्क शिविर

ऑर्थो सर्जन डा.आकाश खैरा ने बताया कि यह त्रिदिवसीय शिविर अभी दो दिन तक और चलेगा, ताकि स्थानीय और बाहरी गठिया के मरीजों को शिविर का लाभ मिल सके।

---

### नेशनल मास्टर स्विमिंग चैंपियनशिप में अरविंद करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व



**ललितपुर**। महाराष्ट्र के पुणे में 28 से 29 जनवरी तक आयोजित होने वाली 8वीं नेशनल मास्टर स्विमिंग चैंपियनशिप में अरविंद कुमार उ.प्र. का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता सुपर मास्टर गेम एण्ड स्पोटर्स फेडरेशन के तत्वावधान में अन्ना साहेब मगर स्विमिंग पूल, नेहरू नगर, पिंपरी-चिंचवाड़ (महाराष्ट्र) में आयोजित की जा रही है। जिले के नदीपुरा निवासी अरविंद कुमार वर्तमान में डीपीआरओ के अंतर्गत ग्राम पंचायत निवाहों (विकास खंड जखौरा) में सफाई कर्मी पद पर कार्यरत हैं। वह अपने 35+ आयु वर्ग में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह उनका नेशनल स्विमिंग मंच पर तीसरा मुकाबला होगा। अरविंद कुमार इस प्रतियोगिता में 100 मीटर फ्री-स्टाइल, 200 मीटर फ्री-स्टाइल तथा 400 मीटर फ्री-स्टाइल स्पर्धाओं में प्रतिभाग करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए वे लगातार कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास कर रहे हैं। उनके चयन पर डीपीआरओ कुंवरसिंह यादव, विभागीय अधिकारियों, सहकर्मियों, ग्राम पंचायत निवाहो के ग्रामीणों तथा खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

---

# फसल को पानी देकर लौट रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर

### उपचार के दौरान अस्पताल में हुई मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर**। थाना पाली के ग्राम पटउवा निवासी प्रागीलाल पुत्र रतन सिंह लोधी ने पुलिस को बताया कि बीती 26 नवम्बर 2025 की शाम करीब 7 बजे उसका पुत्र बृजेन्द्र सिंह खेत से फसलों को पानी देकर घर लौट रहा था। वह जैसे ही हाईवे रोड पर अपनी साइड से पैदल चला आ रहा था, तभी मथरा के मकान के पास मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.के. 8307 के चालक ने तेजी व लापरवाही से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बृजेन्द्र घायल होकर दूर जा गिरा और बाइक चालक भाग निकला। इसी बीच ग्रामीणों ने एम्ब्युलेंस के जरिए उसे सीएचसी बिरधा पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया। यहां भी हालत में सुधार न होने के कारण उसे ग्वालियर भेजा गया, जहां एक अस्पताल में उसका उपचार चला और 3 दिसम्बर 2025 को बृजेन्द्र की जिला अस्पताल में ही मौत हो गयी। प्रागीलाल की तहरीर पर पुलिस ने उक्त बाइक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### घायलावस्था में जिला अस्पताल में कराया भर्ती

# चाकू-फरसा से युवक पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नई बस्ती पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधीनगर में रहने वाली मीरादेवी कोरी पत्नी परशुराम ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र दिया है।

बताया कि उसका 22 वर्षीय भान्जा अजय उर्फ राजेन्द्र पुत्र बाला प्रसाद उसके साथ ही रहता है। गणतंत्र दिवस के दिन 26 जनवरी को उसका भान्जा अजय घर का सामान लेने के लिए बाजार में दुकान पर जा रहा था। अपराह्न करीब 1.30 बजे वह जैसे ही गौड़ बाबा मंदिर के पास पहुंचा तो वहां पहले से घात लगाये बैठे आमिर पुत्र आबिद खां व उसके एक अज्ञात साथी ने उस पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया और फरसा से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए हमला कर दिया। इस हमले में चाकू व फरसा लगने के कारण अजय गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी उसे हुयी तो वह मौके पर पहुंची, जहां उसका भान्जा खून में लथपथ घायलावस्था में पड़ा था, जिसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुयी है और उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आमिर व अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### ग्रामीणों ने जाखलौन-ललितपुर मार्ग पर लगाया जाम

# कार ने पल्सर सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



कार की अंधी रफ्तार ने एक युवक की जान ले ली। देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवक जो कि जिन्दगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो कार की रफ्तार इतनी भयावह थी कि बाइक में टक्कर लगते ही कार के सभी एयरबैग खुल गए। घटना को अंजाम देकर कार चालक के साथ सवार चार अन्य लोग भी मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं गंभीर घायल युवाओं को झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

दरअसल, थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरखेरा में रहने वाला शिवेन्द्र यादव अपनी पल्सर मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ए.ए. 0048 से गांव के अन्नू पुत्र रतिभान यादव व शंकर पुत्र इमरत सिंह के साथ कीर्तन में शामिल होने गए थे। रात करीब 11.30 बजे शिवेन्द्र यादव अपने गांव के अन्नू व शंकर के साथ सड़क किनारे पल्सर बाइक पर बैठ रहे थे। इसी बीच जाखलौन की ओर से तेज रफ्तार से आ रही फॉच्र्युनर कार संख्या यू.पी. 94 ए.के. 9898 के चालक ने सड़क किनारे खड़े शिवेन्द्र, अन्नू व शंकर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का बोनट पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इतना ही नहीं बाइक के भी परखच्चे उड़ गये। मौके पर शिवेन्द्र यादव, अन्नू व शंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। भीषण टक्कर की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। इसी बीच कार चला रहे सिविल लाइन चांदमारी निवासी श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ के पुत्र नरेश पंथ अपने चार अन्य साथियों के साथ कार से उतरे। ग्रामीणों का आरोप है कि नरेश पंथ और उनके साथी शराब के नशे में धुत्त थे। लिहाजा, उक्त लोग ग्रामीणों को देखकर भाग निकले। इधर ग्रामीणों ने घायल पड़े तीनों युवाओं को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान वहां मौजूद चिकित्सक ने शिवेन्द्र यादव को मृत घोषित कर दिया, वहीं अन्नू व शंकर की हालत बेहद नाजुक देखते हुए बेहतर उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

#### शिवेन्द्र के चाचा ने दी थाने में तहरीर

बरखेरा गांव में रहने वाले राजपाल पुत्र रामसिंह ने जाखलौन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भतीजा शिवेन्द्र गाड़ी स्टार्ट कर रहा था, जबकि उसके साथ अन्नू व शंकर बाइक पर बैठ रहे थे। इसी बीच फॉच्र्युनर कार ने अंधी रफ्तार से आकर जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद शिवेन्द्र की मौत हो गयी, जबकि अन्नू व शंकर को उपचार के लिए झांसी मेडीकल कॉलेज भेजा गया है। राजपाल का आरोप है कि घटना के समय फॉच्र्युनर कार को राज्यमंत्री का छोटा पुत्र नरेश पंथ चला रहा था।

#### ग्रामीणों ने लगाया जाम

घटना के बाद मंगलवार की सुबह ग्रामीणों में आक्रोश पनप गया और उन्होंने जाखलौन- ललितपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिये। परिजनों की मांग थी कि सख्त कार्यवाही की जाये।

**इनका कहना है**

सोमवार रात ग्राम बरखेरा के पास एक फॉच्र्युनर कार ने पल्सर मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार शिवेन्द्र की मौत हो गई, जबकि अन्नू व शंकर को गंभीर हालत में झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। जांच की जा रही है और अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

कालू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, ललितपुर

---

# गणतंत्र दिवस पर पीडीए सहायता अभियान का हुआ शुभारंभ



**ललितपुर**। पीडीए सहायता अभियान के संयोजक राम प्रताप व उनके साथियों ने मोहल्ला रैदासपुरा में जाकर वहां के लोगों में मिष्ठान व बच्चों को बिस्किट आदि वितरण कर गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी और सर्व समाज के सुख दुख संघर्ष में साथ देने वाले पीडीए सहायता अभियान का शुभारंभ किया। कहा कि पीडीए सहायता अभियान समाज के सभी वर्गों के सुख दुख संघर्ष में साथ देकर उन्हें सबल बनाने के प्रयास को आगे बढ़ाएगा। आज शुरू हुआ अभियान 2027 में समाजवादी सरकार बनाने में मुख्य रूप से सहायक होगा आने वाले दिनों में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अभियान में अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ कर अभियान को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर राम प्रताप (भगवान) पूर्व प्रदेश सचिव मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, विवेक जैन मोनू, अनिल सिंघानिया, शंकरलाल अहिरवार, संतोष अहिरवार, सिकंदर मंसूरी, राम सिंह, राजेश सिंगर, आयुष शर्मा, मुकेश अहिरवार, रवि अहिरवार, विनोद अहिरवार, जितेंद्र अहिरवार, बबलू अहिरवार, हेमराज अहिरवार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 30 को मनाया जाएगा मद्य निषेध संकल्प दिवस

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों में बढ़ती हुई मद्यपान तथा मादक पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति की रोकथाम करना और इनसे होने वाले दुष्परिणामों के प्रति युवाओं और समाज को जागरूक करना है। इस अवसर पर स्कूल, कॉलेज, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, स्थानीय निकाय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं में सेमिनार, वर्कशॉप, रैली, प्रदर्शनी, वाद-विवाद, निबंध लेखन, मानव श्रृंखला, पोस्टर प्रतियोगिता, नाटक, गीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सभाएं आयोजित की जाएंगी और नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया जाएगा।

### भू-अर्जन मुआवजा गणना फैक्टर निर्धारण के लिए समिति गठित

**सीहोर।** प्रमुख सचिव राजस्व विवेक कुमार पोरवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा भू-अर्जन अधिनियम, 2013 के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन में मुआवजे की गणना फैक्टर के निर्धारण के संबंध में समिति का गठन किया गया है। यह समिति लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में गठित की गई है। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप समिति के सदस्य हैं। प्रमुख सचिव श्री पोरवाल ने बताया कि समिति द्वारा इस विषय पर जन मानस से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति अपने सुझाव 30 जनवरी 2026 को सायं 5 बजे तक भेज सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति समिति के अध्यक्ष से इस विषय में प्रत्यक्ष रूप से मिलना चाहता है, तो वह अपनी प्रस्तावित तिथि एवं समय भी इसी ई-मेल आईडी पर भेज सकता है।

### गणतंत्र दिवस पर भारत पर्व का आयोजन

**सीहोर।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर स्थानीय आवासीय खेल परिसर में भारत पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने सांस्कृतिक एवं देशभक्ति गीतों के माध्यम से अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही लोकगीत एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में देश भक्ति पर आधारित विभिन्न प्रकार की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, कलेक्टर बालागुरू के., सुदीप प्रजापति, राजकुमार गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया

**आष्टा।** 26 जनवरी को 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर न्यायालय प्रांगण आष्टा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्री डांगी द्वारा सर्वप्रथम झंडा फहराया गया एवं उसके पश्चात कहा गया कि मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य वे नैतिक दायित्व हैं जो भारत के प्रत्येक नागरिक को संविधान द्वारा सौंपे गए हैं। ये कर्तव्य नागरिकों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने, सकारात्मक नागरिकता को प्रोत्साहित करने और संविधान के मूल्यों को बनाए रखने के लिए निर्धारित किए गए हैं।

### जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

# मुख्य समारोह में कलेक्टर ने झंडा वंदन कर ली परेड की सलामी, स्कूली छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रमों की दी प्रस्तुतियां







गणंतत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय सहित तहसिल और ग्रामीण क्षेत्र में कई सांस्कृतिक और देश भक्ति के कार्यक्रम आयोजित हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरूंदा/आष्टा/खाचरोद

जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह का आयोजन सीहोर के पुलिस परेड ग्राउंड पर हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर बालागुरू के. ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। समारोह में कलेक्टर ने लोकतंत्र तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके बाद मध्यप्रदेश गान का गायन हुआ। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं पर आधारित झांकियां निकाली गई। कार्यक्रम के अंत में परेड, झॉकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

#### भैरुंदा में शान से फहराया तिरंगा, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

**भैरुंदा।** 77वां गणतंत्र दिवस सोमवार को नगर भैरुंदा सहित अंचल में पूरे उत्साह, हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और प्रमुख चौक-चौराहों पर तिरंगा शान से फहराया गया। नगर का मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह दशहरा मैदान में आयोजित किया गया, जहां नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष मंजू अवध पटेल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। समारोह में विभिन्न विद्यालयों और संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक झांकियों, देशभक्ति गीतों, नृत्य-नाटिकाओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य समारोह में पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, जनपद पंचायत अध्यक्ष मंजू अवध पटेल, एसडीएम सुधीर कुशवाह, एसडीओपी रोशन कुमार जैन, जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल, नपा सीएमओ रामप्रसाद भावरे, पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। पूरे दिन नगर में देशभक्ति, एकता और संविधान के प्रति सम्मान का संदेश गूंजता रहा।

#### एसडीएम–एसडीओपी ने शासकीय स्कूल में बच्चों के साथ किया भोजन

**भैरुंदा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिल्लौर में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत विशेष भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया और उनका उत्साह बढ़ाया।कार्यक्रम में एसडीएम सुधीर कुशवाहा, एसडीओपी रोशन जैन, जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए



भोजन की गुणवत्ता, व्यवस्था एवं योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली।अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है, जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर हो सके। बच्चों के साथ भोजन कर अधिकारियों ने सामाजिक समरसता और सहभागिता का संदेश भी दिया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान शिक्षकगण एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

#### मुख्य अतिथि के रूप में एसआई पहुंचे देवमाता स्कूल, मनाया गया गणतंत्र दिवस




**भैरूंदा।** राष्ट्रीय पर्व 77वां गणतंत्र दिवस पूरे देश में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में नगर की निजी शिक्षण संस्था देवमाता स्कूल में भी गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसआई लोकेश सोलंकी शामिल हुए।समारोह के दौरान विद्यालय की प्राचार्या ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसआई लोकेश सोलंकी ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताया और संविधान में निहित अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी दी।उन्होंने देश की आज़ादी के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों को नमन करते हुए कहा कि उनके त्याग और समर्पण के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं। बच्चों से उन्होंने देशभक्ति, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर हेड कांस्टेबल दिनेश जाट भी शामिल रहे। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और उत्साह से गूंजता रहा। विद्यालय स्टाफ, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

#### आष्टा में मुखर्जी मैदान पर हुआ समारोह

मुखर्जी मैदान पर गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह आयोजित हुआ। समारोह संबोधित करते हुए कहे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की विकसित भारत का सपना सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास से ही सम्भव है। मुख्य समारोह स्थल पर परेड,पीटी एवं विद्यालयों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की शानदार प्रस्तुति दी जिसे सभी ने सराही। गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान,नपा अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाडा नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया, वरिष्ठ सहकारी नेता देवीसिंह जी परमार, जनपद उपाध्यक्ष गजराज मेवाडा सहित मंचासीन सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों ने सभी विजेता विद्यालयों की टीमों को उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी अधिकारियों,कर्मचारियों को पुरुष्कृत कर सम्मानित किया। कोठरी, आष्टा व विधायक कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रमो में पूर्व विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, पूर्व जनपद अध्यक्ष बापूलाल मालवीय, नगीना राधेश्याम दलपति,युवराजसिंह वर्मा, देवजी पटेल, कोठरी सीएमओ नरेन्द्र जाटव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उर्मिला मरेठा, कृष्णा गोपालसिंह इंजीनियर, जिला महामंत्री तारा कटारिया, सुशील संचेती, नगर अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, गिरजा कुशवाह, नीलिमा बैरागी, महेन्द्र इंजीनियर, जगदीश चौहान, मोहित सोनी, महेंद्रसिंह ठाकुर गऊखेड़ी, सौरभ जैन शीतल, सुरेश जैन, विकास बजाज, उत्थान धारवा, मनोहर बैरागी, माखन कुशवाह, दिनेश पंवार, जितेंद्र सोलंकी, प्रवेश शर्मा, अर्जुन पटेल, एसके करंजा, नवीन जैन, कुणाल राय, फारुख भाई, अजय गौतम, राजेश श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र परिहार, शुभम सोनी, सुमित खत्री, पीएसओ पानसिंह, विशाल कुमार, जितेंद्र आजाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्षद आदि उपस्तिथ रहे।



#### गणतंत्र दिवस पर यूफोरिया माइंस की अनूठी पहल



**भैरुंदा।** सोमवार को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पूरे देश में हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया। इसी क्रम में सीहोर जिले की तहसील भैरुंदा, रेहटी व बुधनी अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। भैरुंदा क्षेत्र के शासकीय विद्यालय नीलकंठ, छिदगांव काछी तथा रेहटी तहसील के ग्राम मट्ठागांव, जहाजपुरा और जाजना सहित अन्य विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग प्रदान किए गए। कंपनी की इस पहल की विद्यालयों के शिक्षकों, कर्मचारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने सराहना करते हुए इसे शिक्षा को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया है। कंपनी द्वारा शासकीय विद्यालय नीलकंठ में 30, छिदगांव काछी में 311, मट्ठागांव में 98, जहाजपुरा में 83 तथा जाजना में 77 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान सीनियर मैनेजर मोहन राव, सीनियर मैनेजर प्रिय स्वामी, मैनेजर दिनेश कुशवाह, तरसेम, छत्रपाल, प्रभात, राहुल रघुवंशी, राहुल कुशवाह सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

#### खाचरोद सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गणतंत्रता दिवस



**खाचरोद।** गणतंत्रा दिवस का पर्व खाचरोद सहित आसपास पूरे ग्रामीण क्षेत्र खाचरोद, खामखेड़ा, रोलागांव, रामपुरा, सिंगारचोरी, जस्सुपुरा, बड़खोल, पगारिया, बड़घाटी, किल्लौद, कन्नौज शिवाजी, नौगांव, बापचा के शासकीय वा अर्ध शासकीय स्कूलों में झंडा फहराया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी ग्राम पंचायतों में सरपंचों द्वारा ध्वजारोहण कर मिठाई बाटी गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत खाचरोद सरपंच शंकर पटेल जाट, रामपुरा पंचायत सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर दरबार, आवलीखेड़ा पंचायत सरपंच सियाराम बारिया, सिंगारचोरी पंचायत सरपंच छुट्टू पटेल उर्फ कुतुबुद्दीन खान, जस्सुपुरा पंचायत सरपंच डॉ इंदरीस खान, रोलागांव पंचायत सरपंच धर्मेंद्र धनगर, छापर पंचायत सरपंच ज्ञान सिंह वर्मा, किल्लौद पंचायत सरपंच दिलीप सिंह आंवले, लासूडलिया पंचायत सरपंच अकीला, राजेश सोलंकी, देवन खेड़ी पंचायत सरपंच विक्रम सिंह, कन्नौज शिवाजी पंचायत सरपंच लक्ष्मी नारायण पाटीदार, पगारिया पंचायत सरपंच अकरम खान, बापचा पंचायत सरपंच लोकेंद्र सिंह ठाकुर, नौगांव पंचायत सरपंच सोबल सिंह ठाकुर, बड़खोला पंचायत सरपंच रमेश देवड़ा, बड़घाटी पंचायत सरपंच अके सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण किया।

## झरखेड़ा में कृषक श्रमिक चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के ग्राम झरखेड़ा व ग्राम मगरदा में वीबी- जी राम जी विषय पर जनजागरण अभियान अंतर्गत कृषक श्रमिक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का शुभारंभ भोपाल सांसद आलोक शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय द्वारा सरस्वती पूजा कर व दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच का प्रतिफल है वीबी-जी रामजी जी योजना। प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच से आज दुनिया भारत की ओर देख रही हैं। वीबी-जी रामजी योजना वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार कर गांवों को समृद्ध बनाएगी। इस योजना में 125 दिन के रोजगार की गारंटी है, जबकि मनरेगा में सिर्फ 100 दिन काम मिलता था। यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के समुचित विकास में मील का पत्थर साबित होगी। कांग्रेस के शासनकाल में इस योजना में 35 हजार करोड़ मिलते थे, जिसे बढ़ाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 74 हजार करोड़ किया और अब सुधारों के साथ लागू की जा रही इस योजना का बजट बढ़ाकर 95 हजार करोड़ कर दिया है। बजट में यह बढ़ोत्तरी कांग्रेस के शासनकाल के समय से लगभग तीन गुना अधिक है।

कृषि वर्ष 2026 में कृषि को उद्योग और रोजगार से जोड़कर सरकार किसानों की आय बढ़ाने का कार्य करेगी। वीबी-जी रामजी अधिनियम से गांवों में अधोसंरचना का विकास होगा और विकास की नई क्रांति आएगी। वीबी-जी रामजी योजना में गरीबों, मजदूरों को अब 100 दिन के बजाय बजाय 125 दिन मजदूरी मिलेगी।

## मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप, ब्लॉक कांग्रेस ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी भैरूंदा, लाड़कुई एवं गोपालपुर ने सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार सौरभ शर्मा को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि षड्यंत्रपूर्वक फार्म-7 भरकर जायज एवं वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं, जो लोकतंत्र की मूल भावना और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर सीधा प्रहार है।ज्ञापन में कांग्रेस कमेटी ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई न केवल नैतिक रूप से गलत है, बल्कि कानूनन दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने मांग की कि फार्म-7 के माध्यम से झूठी एवं दुर्भावनापूर्ण शिकायत करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची से जायज नाम हटाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से निष्पक्षता एवं संवैधानिक दायित्वों का पालन करते हुए मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि आम नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रह सके।

### उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया

## सकारात्मक सोच और लक्ष्य निर्धारण की महत्ता समझाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर विद्यालय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 सीहोर में, विद्यार्थियों को उनके रुचिपूर्ण लक्ष्य के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में, विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और लक्ष्य निर्धारण की महत्ता समझाई गई ।कार्यक्रम में, संस्था प्राचार्य सुनीता जैन और वरिष्ठ व्याख्याता डॉक्टर राजेंद्र देशमुख द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्ट्रेड के लेबर इंस्पेक्टर अमित शाह द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में बताया गया, जैसे कि उच्च शिक्षा, सरकारी नौकरी, और उद्यमिता। इसके अलावा, विद्यार्थियों को अपने कौशल और रुचियों को पहचानने के लिए प्रेरित किया गया ।उत्कृष्ट प्राचार्य सुनीता जैन ने कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके भविष्य के बारे में सही निर्णय लेने में मदद करना बताया। इस कार्यक्रम में, विद्यार्थियों ने अपने सवाल पूछे और विशेषज्ञ जितेंद्र परमार, अरविंद कुमार पटेल, अंकुर परमार , व्यावसायिक प्रशिक्षक,अमित जैन एवं दुष्यंत छोकर, डॉ राजेंद्र देशमुख से मार्गदर्शन प्राप्त किया । डिजिटल प्रशिक्षण भी दिया गया।जो 27 जनवरी से 31 जनवरी तक रहेगा। इस मौके पर स्वामी स्वामी विवेकानंद कॉलेज कॉलेज के प्रशिक्षक परवेज कुरैशी, डॉक्टर अभिषेक गुप्ता, भारती नागर, आरती नरूला, बी एस चौहान, एम. पी .कुरैशी, नाजिर खान, एवं छात्र छात्राओं सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## सीहोर ने रचा इतिहास, खेलो एमपी अंडर-19 संभाग स्तरीय क्रिकेट में भोपाल को दी करारी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



खेलो एमपी अंडर-19 संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सीहोर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। फाइनल मुकाबले में सीहोर ने मजबूत मानी जा रही भोपाल की टीम को एकतरफा अंदाज में पराजित कर खिताब अपने नाम किया।फाइनल मैच में भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 142 रन का लक्ष्य सीहोर के सामने रखा। जवाब में सीहोर की टीम ने अनुशासित और आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 1 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। सीहोर की इस ऐतिहासिक जीत में नगर भैरुंदा के चार खिलाड़ियों—रौनक शर्मा, पीयूष प्रधान, भविष्य पंवार और दिव्यांशु वर्मा—की अहम भूमिका रही। इन खिलाड़ियों को इस स्तर तक पहुंचाने में उनके कोच राकेश पंवार (रक्का) का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के जरिए खिलाड़ियों को तैयार किया। टीम की इस शानदार सफलता पर पूरे नगर भैरुंदा में हर्ष का माहौल है। खेलप्रेमियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने खिलाड़ियों व कोच को बधाइयां दीं और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। लोगों ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भैरुंदा नगर से और अधिक खिलाड़ी आगे बढ़कर क्षेत्र, जिला और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।